an>

Title: Need to set up National Institute of Skill Development in Baghpat district, Uttar Pradesh.

डॉ. सत्यपाल सिंह (बागपत) : उपाध्यक्ष महोदय, परम्परा से बहादुर और इतिहास से अमर शहीद बाबा शामल के ज़माने से बागी और वर्तमान में तरूण बेदुरगा का क्षेत्र बागपत, मेरा संसदीय क्षेत्र है। चालीस-पचास साल पहले यह देश का नहीं, पर कम से कम उत्तर प्रदेश का सबसे अच्छा क्षेत्र था और आज सबसे पिछड़ा हुआ क्षेत्र है। जब बहादुर लोगों के गले में बेरोजगारी पड़ जाती है तो उससे बहुत ही हिंसक और वायलेंट क्राइम्स जन्म लेते हैं। उससे न केवल बड़े शहर, बल्कि पूरा क्षेत्र प्रभावित होता है। मेरा आपके माध्यम से भारत सरकार से निवेदन है कि बागपत क्षेत्र में एक नेशनल इंस्टीटयूट ऑफ स्किल डेवलपमेंट स्थापित किया जाए जिससे बेरोजगार युवकों को ट्रेनिंग मिले और उनको रोजगार मिल सके।